an>

title: Need to provide facilities to van grams in Dhaar Parliamentary Constituency in Madhya Pradesh.

श्रीमती सावित्री ठाकुर (धार): माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान अपने क्षेत्र के वनग्रामों की ओर दिलाना चाहती हूं। वनग्रामों की समस्याओं और निदान का अध्ययन लगातार हो रहा है। …(व्यवधान) आखिरी पायदान पर खड़े इन लोगों की दिक्कतें बिजली, पानी से भी कहीं ज्यादा और छोटी समस्याओं में उलझी हुई हैं। वन विभाग की एनओसी प्रक्रिया को चलते हुए कई साल हो गए हैं। 300 से भी छोटी आबादी वाले गांव अभी तक पेयजल, सड़क और अन्य सुविधाओं से वंचित हैं। वन विभाग की व्यावहारिक दिक्कतें अपनी जगह हैं।…(व्यवधान) कई बार भावुक कर देने वाली घटनाएं सामने आती हैं जैसे कई बार मरीज रास्ते में ही खटिया पर ही दम तोड़ देते हैं। मात्र दो-चार किलोमीटर सड़क के अभाव में गर्भवती महिलाओं को मुख्य मार्ग तक ले जाने में कभी दिल दहलाने वाली तस्वीर सामने आ जाती है। …(व्यवधान) मोबाइल फोन के नैटवर्क के अभाव में शासन के तमाम प्रयासों के बाद भी इन लोगों को व्यावहारिक कठिनाइयों झेलनी पड़ती हैं। देश भर के वनग्रामों के निवासियों इस तरह की समस्याएं से को आए दिन सहन करनी पड़ती हैं।…(व्यवधान)

मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करती हूं कि वनग्रामों की समस्याओं के निदान के लिए वन विभाग की एनओसी प्रक्रिया का सरलीकरण किया जाए।…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष:

श्री सुधीर गुप्ता,

श्री भैरों प्रसाद मिश्र,

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल,

श्रीमती पूनम महाजन और

डॉ. हिना विजयकुमार गावीत को श्रीमती सावित्री ठाकुर द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।